ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

प्रो. रजनीश जैन
सचिव
Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph.: 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

मि० सं० 14–1 / 2022 (राजभाषा) 31 अक्तूबर, 2022

**विषयः भारतीय ज्ञान परम्पराएं : पुनर्स्थापन और मुख्यधाराकरण विषयान्तर्गत शिक्षक विकास कार्यक्रम (Faculty Development Programme) के संबंध में ।**

आदरणीय महोदया / महोदय,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित और प्रसारित करने हेतु उच्चत्तर शिक्षण संस्थानों को अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने, आगे के शोध और सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए प्रोत्साहित किये जाने का प्रस्ताव है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य विद्यार्थियों को ज्ञान केंद्रित भारतीय मूल्यों से ओतप्रोत गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसी के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के भारतीय ज्ञान प्रणाली उत्कृष्टता केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से "भारतीय ज्ञान परम्पराएं : पुनर्स्थापन और मुख्यधाराकरण" विषय पर दिनांक 22.11.2022 से 09.12.2022 तक शिक्षक विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया जा रहा है । निश्चित रूप से यह कार्यक्रम निकट भविष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली के शिक्षण हेतु लक्षित भावी शिक्षकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इससे उच्चत्तर शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के पाठ्यक्रम को सुयोजित रूप से आरंभ किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस जानकारी को विभागों एवं शिक्षकों में यथासम्यक प्रचारित करते हुए अधिक से अधिक शिक्षकों की प्रतिभागिता हेतु प्रोत्साहित करें।

इस संबंध में अधिक जानकारी, विस्तृत विवरणिका तथा पंजीकरण हेतु निर्देश वेब पटल https://iks-iitkgp.in/fdp2022/ पर उपलब्ध है ।

सादर,

भवदीय,

रजनीश

(रजनीश जैन)

सेवा में,

- सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति।
- सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य।